भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1032
08 दिसम्बर, 2023 को उत्तर के लिए

हजीरा में कोस्ट गार्ड स्टेशन

1032. श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हजीरा में समुद्री क्षेत्र में स्थित देश के सबसे बड़े औद्योगिक हब में अन्य सरकारी कम्पनियों और गुजरात सरकार के साथ समन्वय करके सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार हजीरा में कोस्ट गार्ड स्टेशन स्थापित करना चाहती है क्योंकि राज्य मरीन पुलिस की अपनी सीमाएं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) हजीरा में सुरक्षा को बढ़ाने के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना के आकलन के लिए क्या सरकार राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ केंद्र सरकार की विभिन्न एजेंसियों के उच्च स्तर के दल को भेजना चाहती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): भारतीय नौसेना (आईएन), भारतीय तटरक्षक(आईसीजी) और अन्य केन्द्रीय और राज्य सरकारी निकाय, अन्य बातों के साथ-साथ गुजरात में तटीय सुरक्षा के लिए निम्नलिखित उपाय करते हैं :

(i) समुद्री मार्ग के माध्यम से घुसपैठ का पता लगाने और उसे रोकने के लिए जहाजों, नावों और विमानों का प्रयोग करके व्यापक गश्त करना।

(ii) तटीय रडारों, स्वचालित पहचान प्रणालियों, मुक्त स्रोतों इत्यादि के माध्यम से तटीय क्षेत्रों की निगरानी करना।

(iii) मौजूदा प्रणालियों की प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए तटीय सुरक्षा अभ्यासों का आयोजन करना।

(iv) तटीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए मछुआरा समुदाय के बीच जागरुकता लाने के लिए सामुदायिक विचार विमर्श कार्यक्रमों का आयोजन करना।

(v) राज्य समुद्रवर्ती पुलिस का क्षमता निर्माण/ प्रशिक्षण और नियमित रूप से संयुक्त तटीय गश्त करना।

(ख) से (घ): भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक और अन्य केन्द्रीय एवं राज्य सरकारी निकायों द्वारा किए गए तटीय सुरक्षा उपायों के मद्देनजर वर्तमान में ऐसी कोई योजनाएं नहीं हैं।

*****